**भारत सरकार**
**संस्कृति मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1201**
**उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 25 नवंबर, 2019**
**04 अग्रहायण, 1941 (शक)**

**ऐतिहासिक इमारतों को होटल में बदलना**

**1201. श्री मितेष पटेल (बकाभाई):**

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में अब तक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अंतर्गत पहचान की गई पुरातात्विक इमारतों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या पुरातात्विक इमारतों को नष्ट कर दिया गया है और उनका होटल, क्लब, कॉम्प्लेक्स और मैरिज हॉल के रूप में पुनर्निर्माण किया गया है;
(ग) क्या सरकार ने इस मामले पर ध्यान दिया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क) : प्राचीन संस्मारक तथा पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत 3691 स्मारकों/स्थलों को केंद्रीय संरक्षित घोषित किया गया है और उनकी देखभाल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा की जाती है। स्मारकों/स्थलों को दर्शाने वाला राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ख) : किसी भी केंद्रीय संरक्षित स्मारक से ऐसी किसी घटना की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(ग) और (घ) : प्रश्न नहीं उठता।

अनुबंध

**लोक सभा में दिनांक 25.11.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1201 के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध**

देश में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों की संख्या का सार

| क्र .सं. | राज्य का नाम | स्मारकों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 129 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 03 |
| 3. | असम | 55 |
| 4. | बिहार | 70 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 47 |
| 6. | दमण एवं दीव (संघ शासित क्षेत्र) | 12 |
| 7. | गोवा | 21 |
| 8. | गुजरात | 203 |
| 9. | हरियाणा | 91 |
| 10. | हिमाचल प्रदेश | 40 |
| 11. | जम्मू एवं कश्मीर (संघ शासित क्षेत्र) | 56 |
| 12. | झारखंड | 12 |
| 13. | कर्नाटक | 506 |
| 14. | केरल | 28 |
| 15. | लद्दाख (संघ शासित क्षेत्र) | 14 |
| 16. | मध्य प्रदेश | 292 |
| 17. | महाराष्ट्र | 286 |
| 18. | मणिपुर | 01 |
| 19. | मेघालय | 08 |
| 20. | मिजोरम | 01 |
| 21. | नागालैंड | 04 |
| 22. | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 174 |
| 23. | ओडिशा | 80 |
| 24. | पुद्दुचेरी (संघ शासित क्षेत्र) | 07 |
| 25. | पंजाब | 33 |
| 26. | राजस्थान | 163 |
| 27. | सिक्किम | 03 |
| 28. | तेलंगाना | 08 |
| 29. | तमिलनाडु | 413 |
| 30. | त्रिपुरा | 08 |
| 31. | उत्तर प्रदेश | 745 |
| 32. | उत्तराखंड | 42 |
| 33. | पश्चिम बंगाल | 136 |
| | **कुल योग** | **3691** |